# रूमा शर्मा की देसी अंदाज से लेकर वेस्टर्न स्टाइल सब हिट

कजरारे नैन, दिलकश मुस्कान और रेशम से बाल। रूमा शर्मा की यही पहचान है। टीवी की यह ऐक्ट्रेस इन दिनों सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरों के कारण खूब चर्चा में है। दिल्ली की यह लड़की देसी अंदाज से लेकर वेस्टर्न स्टाइल तक सब में हिट है। साल 1995 में 6 अक्टूबर को पैदा हुई रूमा को टीवी सीरियल हर मुश्किल का हल अकबर बीरबल से पहचान मिली। इसमें उन्होंने राजकुमारी सलोनी का किरदार निभाया था। छोटे पर्दे पर ऐक्टिंग से पहले रूमा मॉडलिंग करती थीं। लेकिन वह बचपन के दिनों से ही ऐक्टिंग को लेकर संजीदा रही हैं। रूमा के पिता नहीं हैं। सिंगल मदर की परवरिश और दिल्ली के लवली पब्लिक स्कूल से पढ़ाई करने के बाद रूमा ने दिल्ली यूनिवर्सिटी में दाखिला लिया। दिल्ली यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट रूमा नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के टीनएजर्स ग्रुप की भी पासआउट हैं। कॉलेज खत्म करने के बाद रूमा ने मॉडलिंग की ओर रुख किया। वह कई विज्ञापनों में नजर आईं। कई मैगजीन ने उन्हें फ्रेश फेस फीचर किया। बचपन से ही रूमा को ऐक्टिंग का शौक था। महज 6 साल की उम्र में उन्होंने दिल्ली के मशहूर श्री राम सेंटर ऑडिटोरियम में एक नाटक में हिस्सा लिया था। वह बीबीसी वर्ल्ड के शो जासूस विजय में भी नजर आईं। दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले शो राहुल में वह रजत टोकस के अपोजिट तुलसी के किरदार में थीं। इसके बाद वह दूरदर्शन पर ही जरा सी बात में नजर आईं। रूमा ने फियर फाइल्स, सावधान इंडिया, शपथ और कोड रेड जैसे शोज का भी हिस्सा रही हैं। टीवी पर 2018 में रूमा दो टीवी सीरियल्स कुंवारा है पर हमारा है में पायल और शक्तिपीठ के भैरव में राजकुमारी प्रभा के किरदार में नजर आईं। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट वह फिल्म दिमाग की दही में भी काम कर चुकी हैं। रूमा सोशल मीडिया, खासकर इंस्टाग्राम से बहुत लगाव रखती हैं। खबर लिखे जाने तक उन्होंने इंस्टा पर 347 पोस्ट्स किए हैं, जबकि उन्हें 687 के यूजर्स फॉलो करते हैं।



# ऐंड्रिया जरमाया को नहीं मिल रहे अच्छे रोल

ऐक्ट्रेस, सिंगर, म्यूजिशन और डांसर ऐंड्रिया जरमाया को आखिरी बार बड़े पर्दे पर 2018 में क्राइम थ्रिलर वादा चेन्नै में देखा गया था। फिल्म में उनके साथ धनुष भी थे और उनके इंटिमेट सीन के चर्चे भी रहे थे। अब ऐंड्रिया को इन सीन्स पर पछतावा है। ऐंड्रिया तमिल, मलयालम और तेलुगु फिल्मों में दिखाई दे चुकी हैं। क्राइम थ्रिलर वादा चेन्नै में उन्होंने साउथ स्टार धनुष के साथ बेडरूम सीन दिए थे। ऐंड्रिया को लगता है कि इन सीन से उनका फ्यूचर प्रभावित हुआ है। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने इस बारे में जिक्र किया। ऐंड्रिया ने बताया कि धनुष के साथ इंटिमेट सीन करने के बाद उन्हें कई फिल्मों के ऑफर मिले लेकिन उनके कैरक्टर को वैसे ही सीन करने थे। इसके बाद उन्हें अहसास हुआ कि वे सीन करना उनकी गलती थी। अब ऐंड्रिया का कहना है कि भले ही कोई उन्हें कम पैसे दे लेकिन रोल बेहतर होना चाहिए जिसमें इंटिमिसी न हो। अब ऐंड्रिया ने विजय की फिल्म मास्टर साइन की है। हालांकि उनके कैरक्टर से जुड़ी और डिटेल सामने नहीं आई है। बताया जा रहा है कि यह एक गैंगस्टर मूवी है। ऐंड्रिया ने कुछ तमिल फिल्में भी साइन की हैं।

# बॉलिवुड फैंस को दीप्ति सती का इंतजार

साउथ की पॉप्युलर ऐक्ट्रेस दीप्ति सती को बॉलिवुड में कम ही लोग जानते हैं। कई ब्यूटी पेजेंट जीत चुकी यह ऐक्ट्रेस साउथ की कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। 25 साल की दीप्ति मॉडलिंग से फिल्मों में पहुंची हैं। उन्होंने साउथ की कई फिल्मों में काम किया है। मुंबई में पैदा हुईं दीप्ति की पढ़ाई सेंट जेवियर्स कॉलेज से हुई है। उनके पिता उत्तराखंड के जबकि मां केरल की रहने वाली हैं। दीप्ति ने साल 2014 में फेमिना मिस इंडिया कॉन्टेस्ट में भाग लिया था। इस ब्यूटी कॉन्टेस्ट में उन्होंने फेमिना मिस आयरन मेडन का खिताब जीता था। दीप्ति ने भरतनाट्यम और कथक की ट्रेनिंग ली है। इसके साथ ही वेस्टर्न डान्स में भी वह कहीं से कम नहीं हैं। साल 2015 में दीप्ति ने मलयालम फिल्म नी-ना से बड़े पर्दे पर डेब्यू किया था। दीप्ति सती ने एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज ऑनली फॉर सिंग्ल्स में भी काम किया है। जिसमें उन्होंने विवान शाह के ऑपोजिट लीड रोल निभाया था। दीप्ति ने केवल मलयालम ही नहीं बल्कि तमिल, कन्नड़ और मराठी फिल्मों में भी काम किया है। दीप्ति के फैन्स इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि दीप्ति फिल्मों में कब डेब्यू करती हैं। दीप्ति ट्रडिशनल लुक में जितनी खूबसूरत लगती हैं उतनी ही वेस्टर्न लुक में हॉट दिखती हैं। इन तस्वीरों को देखने के बाद अब आप भी दीप्ति के बॉलिवुड डेब्यू का करेंगे इंतजार।

# मेरी भूमिकाएं एक-दूसरे से अलग रही हैं : कियारा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



अभिनेत्री कियारा आडवाणी का कहना है कि अब तक जिन फिल्मों में उन्होंने काम किया है सभी किरदारों में उनकी भूमिकाएं एक दूसरे से अलग-अलग रही हैं। आने वाले साल में वह काफी व्यस्त हैं। नेटफ्लिक्स फिल्म गिल्टी में वह दिखाई दी।

फिल्म में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री कहा, मैं गिल्टी में ननकी नामक एक किरदार निभा रही हूं। वह एक अत्यंत परतदर और जटिल चरित्र है। उसने मास्क पहना हुआ है। मैं खुद जैसी हूं उससे वह कई दूर है। इस किरदार के विभिन्न शेड्स को समझना और इसको निभाना बेहद दिलचस्प रहा।

उन्होंने आगे कहा,कबीर सिंह, गुड न्यूज और गिल्टी फिल्मों में मेरे किरदार एक दूसरे से काफी अलग हैं। उम्मीद है कि जैसे दर्शकों ने मुझे अन्य भूमिकाओं में पसंद किया था वैसे ही गिल्टी में भी करेंगे।

बॉलीवुड की अपेक्षा नेटफ्लिक्स जैसे प्लेटफॉर्म्स क्या एक्टर्स को बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। इसके जवाब में उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आज के समय में यह बाते मिट रही हैं। मुझे याद है फिल्म संजू में मुझे विक्की कौशल का किरदार भी उतना ही पसंद आया जितना संजू का आया था।

कियारा ने आगे कहा, जो भूमिका आप निभा रहे हैं वह आपको एक अभिनेता के रूप में उत्साहित करे। मेरे जैसी मुख्यधारा का अभिनेत्री भी नेटफ्लिक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर एक फीचर फिल्म कर रही है। मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छी बात है। एक बदलाव हो रहा है।

नेटफ्लिक्स फिल्म गिल्टी का निर्देशन रूचि नारायण ने किया है। इसमें कियारा आडवाणी, आकांशा रंजन कपूर, ताहिर शब्बीर और गुरफतेह सिंह पीरजादा ने काम किया है। फिल्म 6 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

# रणबीर कपूर और आलिया भट्ट पर संजय दत्त ने किया कॉमेंट



पीरियड ड्रामा पानीपत में अपनी ऐक्टिंग से लोगों को इम्प्रेस करने के बाद अब संजय दत्त कुछ और इंट्रेस्टिंग प्रॉजेक्ट्स के साथ तैयार हैं। वह अब आलिया भट्ट के साथ सड़क 2 और रणबीर कपूर संग एक फिल्म में नजर आएंगे।

हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान संजय ने दोनों ऐक्टर्स के साथ अपने वर्क एक्सपीरियंस पर बात की। उन्होंने दोनों ही शानदार ऐक्टर्स की तारीफ करते हुए कहा कि रणबीर-आलिया फ्रेश और प्रतिभाशाली टैलंट हैं। संजय को लगता है कि यह कपल देश का शानदार टैलंट है और सभी उन्हें प्यार करते हैं।

संजय ने आगे कहा कि यंग स्टार्स के साथ काम करना मजेदार होता है और वे सेट पर काफी एनर्जी लेकर आते हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो संजय अब डायरेक्टर महेश भट्ट की फिल्म सड़क 2 में दिखेंगे।

फिल्म में पूजा भट्ट, आदित्य रॉय कपूर, गुलशन ग्रोवर जैसे ऐक्टर्स भी अहम किरदारों में होंगे। इसके अलावा वह यश स्टारर केजीएफ: चैप्टर 2 में विलन के रोल में होंगे। फिल्म में रवीना टंडन भी दिखेंगी। संजय भुज: द प्राइड ऑफ इंडिया में भी नजर आएंगे जिसमें अजय देवगन भी दिखेंगे।

# बधाई हो के बाद अब आ रही बधाई दो

नैशनल अवॉर्ड जीत चुकी ब्लॉक बस्टर फिल्म बधाई हो के बाद अब जंगली पिक्चर्स लेकर आ रहा है इस फ्रैंचाइजी का दूसरा पार्ट, जिसका टाइटल बधाई दो रखा गया है। जैसा कि बधाई दो नाम से ही आप समझ गए होंगे कि यह एक फैमिली कॉमिडी फिल्म होगी, जिसकी कहानी पिछली बार की तरह ही कुछ अजीबोगरीब रिलेशनशिप के इर्द-गिर्द बुनी गई है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में और भी ज्यादा फन और इमोशंस का तड़का लगने वाला है। जहां कि बधाई दो की कहानी और कैरक्टर्स बधाई हो से अलग होने वाले हैं, वहीं दोनों के बीच जो कॉमन है वह है इसकी प्यारी थीम।

इस फिल्म को बनाने जा रहे हैं बेहतरीन ऐड फिल्ममेकर और हंटर 2015 के डायरेक्टर हर्षवर्धन कुलकर्णी, जिसमें नजर आनेवाले हैं नैशनल अवॉर्ड जीतने वाले कलाकार राजकुमार राव और पावरहाउस परफॉर्मर भूमि पेडनेकर।

इस फिल्म में राजकुमार राव दिल्ली पुलिस की भूमिका में नजर आएंगे, जो कि महिला थाना में इकलौते मेल ऑफिसर होंगे और भूमि होंगी स्कूल की पीटी टीचर। यह फिल्म उन दोनों की मुलाकात से शुरू हुई गड़बड़ियों के बीच ही उलझती जाती है। निर्देशक हर्षवर्धन कुलकर्णी का कहना है, जंगली पिक्चर्स जिस तरह की फिल्में बनाता है, मुझे हमेशा ही वे पसंद आई हैं। इसलिए, जब वे मेरे पास इस सोशल कॉमिडी को लेकर आए तो मैंने एक झटके में हां कह दिया। यह भी फिल्म बधाई हो जितनी ही दिलचस्प है, लेकिन फ्रेश कैरक्टर्स के साथ यह बिल्कुल नई होगी और मजाक-मस्ती से भरपूर होगी।

बधाई हो में दमदार डायलॉग लिखने वाले लेखक अक्षत घिल्डियाल ही इस फिल्म में भी अपना जलवा दिखाएंगे और उनके साथ सुमन अधिकारी (जिनके दिमाग में ऑरिजनल आइडिया आया था) भी अपनी कला दिखाएंगे। अक्षत ने कहा, सुमन ही मेरे पास यह इंट्रेस्टिंग आइडिया लेकर आए और चूंकि मेरा जंगली से अच्छा रिलेशन है तो मैंने उनके यह कहानी शेयर की और उन्हें यह पसंद आ गई। इसके बाद हर्ष इस प्रॉजेक्ट में शामिल हुए। हमने इसमें फन को और बेहतर बनाने की कोशिश की है और उम्मीद है कि ऑडियंस को यह पसंद आएगी। अपने रोल के बार में बातें करते हुए भूमि ने कहा, बधाई हो मेरी हालिया फेवरिट फिल्मों में से एक है और इस फ्रैंचाइज़ी को आगे बढ़ाने को लेकर मैं वाकई बेहद उत्साहित हूं। मेरे लिए यह स्क्रिप्ट अब तक की सबसे बेहतरीन है और मैं इसे फौरन करना चाहूंगी। मेरा किरदार एक बार फिर काफी स्ट्रॉन्ग है और यह मुझे अपनी लाइफ के एक और डिफरेंट कैरक्टर को निभाने का मौका देगा। इस बार भी कहानी रेलवेंट है, जिसका अंदाज़ हिलेरियस है। मैं राजकुमार राव के साथ स्क्रीन शेयर करने को लेकर भी काफी एक्साइटेड हूं।